लक्ष्मी सीड्स

ज्वार की फसल का अधिक उत्पादन हेतु सुझाव



लक्ष्मी सीड्स

हमारी रिसर्च किस्में

हरियाली
रिसर्च ज्वार बीज

हरियाली गोल्ड
रिसर्च ज्वार बीज

रैम्बो गोल्ड
रिसर्च ज्वार बीज



जलवायु एवं भूमि का प्रकार

ज्वार की फसल को शुष्क एवं गर्म जलवायु की आवश्यकता होती है। ज्यादा नमी के कारण पत्तों पर लाल धब्बे हो जाते है। यह फसल हर प्रकार की मिट्टी मे बोई जा सकती है परन्तु भारी मिट्टी में ज्यादा अच्छी पैदावार देती है।



भूमि की तैयारी

मिट्टी पलटने वाले हल से एक बार जुताई के बाद एक दो हल्की जुताई करें और पाटा चलायें।



बीज की मात्रा, बीजोपचार व बुवाई का समय

बिजाई का समय 15 जून से 15 जुलाई सी समय है लेकिन कई क्षेत्रों मे मार्च-अप्रेल मे ही बुवाई शुरू हो जाती है। बीज की मात्रा 35-40 किग्रा प्रति एकड़, बीजोपचार इमीसान 2.5 ग्राम प्रति किग्रा बीज बुवाई से पहले उपचारित करें और बीज व उरर्वक साथ डालने वाली मशीन से पोश विधि द्वारा लाईन से लाईन 20-22 सेमी की दूरी से बुवाई करें।



खाद एवं उवर्रक

10 टन गोबर की सड़ी हुई खाद खेत की तैयारी से पूर्व खेत में मिलायें। 20 किग्रा नाइट्रोजन (44 किग्रा युरिया) व 8 किग्रा फॉस्फोरस (50 किग्रा सिंगल सुपर फॉस्फेट) बुवाई से पूर्व ड्रील करें और 20 किग्रा नाइट्रोजन (44 किग्रा युरिया) एक माह बाद प्रथम सिंचाई पर दें मिट्टी जांच के अनुसार अगर आवश्यकता हो तो पोटाश दें।



खरपतवार निंयत्रण

एट्राटाफ 50 डब्ल्यु.पी. 400 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। बुवाई के 24 घण्टे के अन्तराल में करें या सालाना खरपतवार निंयत्रण के लिए पेन्डीमेथिलीन 30 ई.सी. एक लीटर/एकड़ 200 लीटर पानी में घोलकर बुवाई के 24 घण्टे में कर सकते है।



सिंचाई

ग्रीष्मकालीन ज्वार बुवाई को 4-5 सिंचाईयां और वर्षाकालीन हरियाली गोल्ड ज्वार को आवश्यकतानुसार 2-3 सिंचाई कर सकते है।



कटाई

55-60 दिन बुवाई के बाद पहली कटाई इसके बाद 35-40 दिन के अन्तराल पर कटाई करते रहे।



कृपया ध्यान दें

ऊपर दी गई सलाह हमारे अनुभव, फ़ील्ड डेमोंस्ट्रेशन और हमारे रिसर्च सेंटर्स में किए गए प्रयोगों पर आधारित है। मौसम, मिट्टी के प्रकार और खेती की खास स्थितियों जैसे कारणों से नतीजे अलग-अलग हो सकते हैं। हम सिर्फ़ उपज की क्वालिटी की गारंटी दे सकते हैं, क्योंकि दूसरे कारण हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। यहाँ दी गई जानकारी का मकसद किसानों की ख़ुशी और सफलता सुनिश्चित करना है।

